संसद सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 2015: प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री एम. वेंकैय्या नायडू; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. मुनिसामी तंबि दुरै; राज्य सभा के उपसभापति प्रो. पी.जे.कुरियन; और पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर संसद भवन में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में संसद सदस्य और पूर्व संसदसदस्य शामिल थे । लोक सभा तथा राज्य सभा के महासचिव, क्रमश: श्री अनूप मिश्र और श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 23 अप्रैल, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण किया था ।